प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राजधानी रांची समेत राज्यभर में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न, जामताड़ा में सांप्रदायिक सौहार्द और हजारीबाग में महिला सशक्तिकरण का दिखा नजारा।
- जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय ने आयुष्मान घोटाले में स्वास्थ्य विभाग की संलिप्तता का किया खुलासा, कहा–फर्जी इलाज से ली गई बीमा राशि, ईडी करे जांच।
- नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को मिली सफलता, बाबूडेरा जंगल से 5 किलो आईईडी बम बरामद कर किए नष्ट, तीन बंकर ध्वस्त।
- मौसम विभाग ने आंधी–बारिश का येलो अलर्ट किया जारी, आज और कल वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना।
- आईपीएल टी–20 क्रिकेट में कल रात हैदराबाद में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से किया पराजित।

*************

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मर्यादापुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव पर राज्य के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और और विभिन्न अखाड़ों द्वारा जगह–जगह सामूहिक शोभायात्रा निकाली गई।

जामताड़ा जिले में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विभिन्न अखाड़ा कमेटियों के सदस्यों ने शोभायात्रा में पारंपरिक शस्त्रों का शानदार प्रदर्शन किया। मौके पर स्वास्थ मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने भी जुलूस में शामिल होकर भाईचारे का संदेश दिया।

इधर हजारीबाग जिले में रामनवमी पर महिला सशक्तिकरण की शानदार झलक देखने को मिली। इस अवसर पर आर्य समाज द्वारा संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने तलवारबाज़ी, लाठी चलाना और अन्य साहसिक करतबों का प्रदर्शन किया। गुरुकुल के आचार्य कौटिल्य ने कहा कि बेटियां अब देश की रक्षा के लिए भी तैयार हो रही हैं।

*************

कोडरमा के झुमरी तिलैया में रामनवमी को लेकर झांकी और शौर्य प्रदर्शन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और पारंपरिक खेलों के प्रदर्शन की सराहना की। झांसी की रानी अखाड़ा कमेटी की महिलाओं ने पहली बार लाठी, तलवार और गदा का शानदार प्रदर्शन किया।

*************

हजारीबाग जिले में आज से 36 घंटे की विशेष रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

*************

हजारीबाग जिला प्रशासन ने रामनवमी की विशेष शोभायात्रा की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि जुलूस को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट की बहाली की जा चुकी है। नवमी का जुलूस ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हो चुका है। उन्होंने जिले वासियों से अपील की है कि उत्साह और उमंग के साथ त्योहार मनाएं। कानून का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर व्यापक इंतजाम किया है। जिले में 5 हजार अतिरिक्त सुरक्षा बल की उपस्थिति में रामनवमी संपन्न कराया जाएगा।

*************

जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय ने आयुष्मान भारत योजना में स्वास्थ्य विभाग की संलिप्तता का नया खुलासा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी चिकित्सक नियमों के विरुद्ध निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में कार्य कर रहे हैं और फर्जीवाड़े से बीमा राशि ली जा रही है। सरयू राय ने कहा कि इस मामले को प्रवर्तन निदेशालय की जांच में शामिल किया जाना चाहिए।

*************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को एक और सफलता मिली है। जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूडेरा के जंगलों में सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने 5 किलो आईईडी बम बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। नक्सलियों की साजिश सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की थी, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। अभियान के दौरान तीन नक्सली बंकर और डंप को भी ध्वस्त किया गया। जिला पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम अभियान में जुटी हुई है।

*************

संक्षिप्त खबरें

- केंद्रीय इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी आज चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम के दौरे पर रहेंगे, जहां वे खनन क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे।
- भाजपा स्थापना दिवस पर कल जमशेदपुर महानगर के सभी 28 मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।
- देवघर साइबर थाना की टीम ने सारवां के गोरेमारा गांव के जंगल से सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा मधुपुर से एक महिला साइबर आरोपी की गिरफ्तारी भी हुई है।

*************

मौसम विभाग ने राज्य में आज और कल आंधी, वज्रपात और बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी, मध्य और उत्तर पूर्वी हिस्सों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। कुछ इलाकों में वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों से सावधानी बरतने और खुले स्थानों पर नहीं रहने की अपील की है।

*************

खेल की खबरें

- आईपीएल टी20 क्रिकेट में कल रात गुजरात टाइटन्स ने हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा।
- झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सीनियर महिला अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कल से चाईबासा में होगा। ग्रुप–बी के सभी लीग, सुपर डिवीजन और फाइनल मैच बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में बोकारो, लोहरदगा, रांची और रामगढ़ की टीमें हिस्सा लेंगी और फाइनल मुकाबला 19 अप्रैल को होगा।
- पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग स्पर्धा में ब्यूनस आयर्स में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2025 में स्वर्ण पदक जीत लिया है।

*************

अखबारों की सुर्खियां–

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने रामनवमी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– रामनवमी पर राममय हुई रांची। श्रीराम के जयकारों से पुलकित हो उठा शहर।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है कि– हम श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करें।

हिंदुस्तान के शब्द हैं– रांची समेत पांच शहरों में बसेगी नई टाउनशिप, नगर विकास विभाग ने डीसी को जमीन उपलब्ध कराने को लिखा पत्र।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– पहली बार राजकीय शिक्षण संस्थानों में होगी नीट यूजी की परीक्षा, पेपर लीक रोकने के लिए एनडीए का फैसला।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है–राममय हुई राजधानी रांची।

**************